Seventeenth Loksabha

an>

Title: **Regarding construction of elevated road on G.T. Road in Kanpur city in Uttar Pradesh.**

श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर): महोदय, मैं माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र कानपुर नगर में ट्रैफिक जाम की समस्या से अवगत कराना चाहता हूँ।

रामादेवी चौराहे से गोल चैराहे तक करीब 10 कि मी जी.टी. रोड़ में जाम की समस्या है, जबकि माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी ने कानपुर आगमन के दौरान इस जी.टी. रोड को 1000 करोड़ रूपये की लागत से एलेवेटेड रोड बनाये जाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन यह प्रस्ताव अभी तक लम्बित है।

मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी को याद दिलाते हुये अवगत कराना चाहता हूँ कि इस ट्रैफिक जाम की गम्भीर समस्या से यातायात अवरुद्ध होने के कारण मरीज समय से अस्पताल नहीं पहुँच पाते हैं और कई बार उनकी रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है। इसके साथ ही छात्र-छात्राएं समय से स्कूल एवं कॉलेज नही पहुंच पाती हैं।

व्यवसायी अपने गंतव्य स्थल पर समय से नहीं पहुँच पाते हैं। कानपुर में बढ़ती आबादी को देखते हुए, यातायात को सुगम बनाये जाने के लिए जनहित में जी.टी. रोड पर रामादेवी चैराहे से गोल चैराहे तक एलेवेटेड रोड का निर्माण अति आवश्यक है।

मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त एलेवेटेड जी.टी. रोड का निर्माण कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित कर कानुपर की जनता को अनुग्रहीत करने की कृपा करें।